हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 13 नवंबर 2025

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 निर्माण कार्य हो रहा प्रभावित, मजदूरों से हो रही अभद्रता...



09 चाठा सब स्टेशन पर करोड़ों का राजस्व...



**खबर संक्षेप**

## सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ 14 नवंबर से

**सीहोर।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ भारतीय सहकारिता आंदोलन का एक शीर्ष संगठन, देश में सहकारिता की विचारधारा और भावना का प्रचार करने के लिए हर साल 14 से 20 नवंबर तक अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाता और प्रायोजित करता है। इस वर्ष भारतीय सहकारिता आंदोलन राष्ट्रव्यापी स्तर पर 72वां अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाएगा। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, प्रतियोगिताओं और संगोष्ठियों जैसी कई गतिविधियाँ शामिल हैं, जिनका उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर सहकारिता जागरूकता को बढ़ावा देना और सहकारी आंदोलन को मजबूत करना है। इस वर्ष, सहकारिता सप्ताह ₹सहकारिताएँ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रूप में₹ विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में, विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण ऋण, सूक्ष्म उद्यम और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में, सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। सहकारिताएँ स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने, आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और समावेशी एवं सतत विकास में योगदान देने के लिए आधारशिला का काम करती हैं। भारत में आठ लाख से अधिक सहकारी समितियां कार्यरत हैं जो तीस क्षेत्रों में लगभग 32 करोड़ से अधिक सदस्य्य सहकारिता से जुड़े हुए हैं। सहकारी बैंक, राज्य सहकारी संघ,डीसीसीबी व एक औद्योग सहकारी बैंक सहकारिता के माध्यम से सदस्यों का आर्थिक विकास में व शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### फेस आईडी अटेंडेंस प्रक्रिया के विरोध में नपा सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

# नपा के सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया, बोले-समय पर दिया जाए वेतन

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिया एवं मध्यप्रदेश कार्यभारति दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई महासंघ (सम्बंध भारतीय मजदूर संघ) प्रदेश मंत्री विनोद बोयत के नेतृत्व में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अधिकतर अशिक्षित हैं और कई सफाई कर्मचारियों को तो मोबाईल चलाना ही नहीं आता है एवं कई सफाई कर्मचारियों के पास तो एनरॉयड मोबाईल ही नही है, कभी नेटवर्क नही मिल पाता है, जो सफाई कर्मचारी इनरोईड मोबाईल रखते भी है, तो कई बार तो सफाई करते समय उनके मोबाईल नाली में गिर कर बंद हो जाते, तो कभी मोबाईल में नेट बैलेंस ही नही रहता है ऐसे में ऑन लाईन हाजरी देने में काफी परेशानी हो रही है, कृपया मोबाईल अटेंडेंस प्रक्रिया बंद की जावे। जो सफाई कर्मचारी सीएल, इएल एवं मेडिकल छुट्टी पर जाते हैं, वह ऑन लाईन हाजरी कैसे करेगा। ऑन लाईन उपस्थिति से हमारे मोबाईल की निजी जानकारी लीक होने की सम्भावना बनी रहेगी, जिसकी सुरक्षा की जवाबदारी किसकी रहेगी।

ऑन लाईन हाजरी आव्यवहारिक है, इसे पूर्णतः बंद किया जाये, ऑन लाईन हाजरी प्रक्रिया से सफाई कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हम सफाई कर्मचारियों का कोई समय निश्चित नही है, हमारी ड्यूटी के अलावा भी राष्ट्रीय व स्थानीय त्योहार या शासकीय कार्यक्रमों में हमें कभी, कहीं भी सफाई हेतु लगा दिया जाता है, हमसे रविवार को भी सफाई कार्य कराया जाता है। उक्त ऑनलाईन प्रक्रिया से हम अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं। ऑन लाईन हाजरी प्रक्रिया में जिन कर्मचारी के परिवार में यदि किसी की मृत्यु हो पर छुट्टी कैसे मिलेगी। हम लोग हाजरी पंजी पर अपनी ईमानदारी से कार्य कर हाजीरि दे रहे हैं। हम सभी सफाई कर्मचारीयों को तनखा माह के पहले हफ्ते में दिलाई जावे, हमें इएमआई भरना रहती है। साथ यही भी मांग की गई है कि शासन द्वारा जो चुंगी क्षतिपुर्ती राशि आती है, जिससे वेतन बाँटा जाता वह 15-20 तारिख तक आती है और वह भी काट कर भेजी जाती है, जिसके कारण वेतन भुगतान समय पर नही हो पाता है। छुट्टन चावरिया ने कहा कि ऑन लाईन प्रक्रिया को बंद कर पूर्व की भांति रजिस्टर पर हाजरी प्रक्रिया ही रहने दिया जावे। साथ ही उपरोक्त समस्याओं का निराकरण भी त्वरित कराया जावे। यदि हमारी समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार नही किया गया तो समस्त सफाई कर्मचारी आन्दोलन के लिये बाद्ध रहेगें, जिसकी समस्त जवाबदारी आपकी रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छुट्टन चावरिया, विनोद बोयत, अन्ना नरवारे, राजु हन्सारी, मुकेश चावरिया, कमलेश छवाये, मनोज दिशावरी, मनोज बोयत, किशोर नागर, अशोक चौहान, सन्तोष गोहर, राकशे टाँक, संजय बोयत, देवकुमार, वंकट खरे, प्रकाश तेजी, अजय खरे, सतीराम भैरवे, राजु वैध, कमलेश खरे, सुनील, मुख्तार भाई, सन्नी संगेलिया सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

**छानबीन समिति का गठनः सीहोर।** जन अभियान परिषद की शासी निकाय की 15वीं बैठक में परिषद से प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण के लिए राज्य शासन द्वारा योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप सचिव स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में छानबीन समिति का गठन किया गया है। समिति में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय अथवा आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय द्वारा नामित वित्त सेवा के अधिकारी और परिषद के उपाध्यक्ष द्वारा नामांकित शासी निकाय के अशासकीय सदस्य/विषय विशेषज्ञ सदस्य होंगे। निदेशक सेल या मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक द्वारा नामांकित (परिषद के अधिकारी) को सदस्य-सचिव बनाया गया हैं।

## संचालित किया जा रहा विधिक सेवा सप्ताह

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, पुनर्वास प्रक्रियाओ एवं निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के बारे में शिक्षित करने, बंदियों के प्रकरणों में अद्यतन जानकारी देने एवं समय पर न्याय तक पहुंच को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला जेल सीहोर में कार्यशाला सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

# घर-घर बांटे जा रहे परिगणना फार्म, कई परिवार उलझन में

**अशिक्षित लोग हो रहे परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निर्वाचन आयोग के आदेश पर भले ही मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से जारी है, लेकिन पड़ताल बताती है कि यह प्रक्रिया जमीनी हकीकत और आम नागरिकों की व्यवहारिकता से कोसों दूर है। जिला शत प्रतिशत शिक्षित नहीं है और यही वजह है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा घर-घर दिए जा रहे (परिगणना फार्म) ने कई परिवारों को उलझन में डाल दिया है। पड़ताल में सामने आया कि बीएलओ, मतदाताओं को फॉर्म देकर आंगनबाड़ी में जमा करने का कह रहे हैं।

विडंबना यह है कि शिक्षित वर्ग तो फॉर्म भरकर जमा कर देगा। लेकिन जिन परिवारों में लोग शिक्षित नहीं हैं, उनके लिए यह फॉर्म भरना एक बड़ी मुश्किल बन गया है, वे समझ ही नहीं पा रहे कि जटिल कॉलम कैसे भरें।

### मतदाता उलझन में

महिला मतदाताओं के मामले में बीएलओ द्वारा मायके से जानकारी मंगवाने की बात कही जा रही है। यह निर्देश कई महिला मतदाताओं के लिए बड़ी समस्या बन गया है। वे इस उलझन में हैं कि मायके से जानकारी कैसे मंगवाई जाए, कौन जाए या कौन सा दस्तावेज चाहिए। इस जमीनी व्यवहारिकता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि आमजनों को कितनी परेशानी आ रही है। फॉर्म में मांगी गई जानकारियों की लंबी सूची ने कई परिवारों को भ्रमित कर दिया है। मांगी गई कुछ प्रमुख जानकारियां, जो आम लोगों को मुश्किल में डाल रही हैं वे हैं मांगी गई जानकारी। जन्मदिन (दिन, माह, वर्ष) कई बुजुर्गों को सही जन्मतिथि याद नहीं। पिता/माता/पति/पत्नी का इपिक नंबरः अधिकांश परिवारों को नहीं मालूम कि यह क्या होता है या कहां से मिलेगा।

- पिछले एसआईआर मतदाता सूची का विवरणः निर्वाचक का नाम, रिश्तेदार का नाम या इपिक नंबर जैसी पिछले विवरण संबंधी जानकारी नहीं मालूम। पिछले एसआईआर के अनुसार रिश्तेदार का नाम, इपिक नंबर आदि नहीं मालूम।

### बीएलओ की घोषणा में विरोधाभास

फॅर्म के निचले हिस्से में लिखा है कि मतदाता या किसी अन्य वयस्क पारिवारिक सदस्य के हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान होना चाहिए। यह बताता है कि जिला संपूर्ण साक्षर नहीं है। वहीं बीएलओ की घोषणा में लिखा है कि मैंने उपरोक्त विवरण को पिछले एसआईआर मतदाता सूची से सत्यापित कर लिया है। अब सवाल यह है कि यदि मतदाता स्वयं सही जानकारी नहीं दे पा रहा है तो बीएलओ किस आधार पर 'सत्यापन' करेगा।

### फार्म जमा नहीं किया तो नाम कट जाएगा

निर्वाचन आयोग ने अपील की है कि सभी मतदाता अपने बीएलओ द्वारा उपलब्ध करवाया गया परिगणना फॉर्म भरकर निश्चित समय में जमा करवाएं अन्यथा उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। फॉर्म के साथ 11 दस्तावेजों की लंबी सूची में से कोई भी एक दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। बता दें जिले में शुरू हुआ यह पुनरीक्षण कार्य, पारदर्शिता की राह पर कठिनाईयों के पहाड़ खड़ा कर रहा है। प्रशासन को जमीनी स्तर पर अशिक्षित और उलझी हुई महिला मतदाताओं के लिए सरल समाधान उपलब्ध कराने पर ध्यान देना होगा।

# सीटू नाले का कायाकल्प शुरू, रिटेनिंग वॉल सहित अन्य काम से मिलेगी जनता को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के सीटू नाले का नगर पालिका कायाकल्प आरंभ हो गया है। करीब चार करोड़ रुपए की लागत से इंग्लिशपुरा से दूल्हा बादशाह तक डेढ़ किमी दायरे में नाले का कायाकल्प किया जा रहा है। इसमें रिटर्निंग वॉल बनाने के साथ ही बीच में स्टॉप डैम के अलावा अन्य काम होगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के मार्गदर्शन में नगर पालिका के अमले ने गहरीकरण सहित अन्य कार्य शुरू कर दिया है। करोड़ों रुपए की इस योजना से सीटू नाले का सौंदर्यकरण का कार्य पूरा किया जाएगा। जिससे आगामी दिनों में इसकी सूरत बदल जाएगी। रिटर्निंग वाल के अलावा फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। नाले के साइड नाली भी बनाई जाएगी, जिससे कि घरों से निकलने वाला गंदा पानी नाले में नहीं मिले। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और यदि सब कुछ ठीक रहा तो सीद नाले की सूरत बदल जाएगी। मौजूदा समय में सीटू नाले की हालत खराब है। बारिश के मौसम में नाले का पानी बहकर घरों तक में भरा जाता है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर कर नाले का कायाकल्प करने नगर पालिका ने योजना बनाई थी जिसे मूर्त रूप देने जल्द ही काम शुरू हो गया है। इंग्लिशपुरा से दूल्हा बादशाह तक कायाकल्प कर सौदर्यकरण किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की इस मुहिम का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया है। बारिश के दौरान अनेक बार तो बाजार में पानी भर चुका है। इससे करोड़ों का नुकसान भी हो चुका है। इसलिए नगर पालिका ने इसके गहरीकरण, समतलीकरण और सफाई का काम शुरू कर दिया है। शहर के बीच से सीवन नदी और सीटू नाला गुजरता है। इन दोनों में ही सिर्फ बारिश के समय पानी बहता है। बाकी समय नदी-नाले में पानी ठहरा रहता है, लेकिन बारिश के समय ही ये दोनों इतनी तबाही मचाते हैं कि लोगों को करोड़ों का नुकसान हो जाता है। यूं कहें कि सीवन नदी से बहुत कम बल्कि सीटू नाले से ही ज्यादा नुकसान होता है। इसको ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अभी से ही इसका काम शुरू करा दिया है। इसका समतलीकरण, गहरीकरण और सफाई का काम चल रहा है। आगामी दिनों में कार्य पूर्ण किया जाएगा।

# जनसेवा, समाजसेवा ही मेरा धर्म है, राजनीति उसका माध्यमः राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



समाजसेवा, जनसेवा ही मेरा धर्म है, राजनीति उसका माध्यम। अनवरत, निरंतर और लगातार, मेरा सम्पूर्ण जीवन जनसेवा को समर्पित रहा है। मेरे लिए राजनीति सि$र्फ सत्ता का मार्ग नहीं, बल्कि जनसेवा का विस्तारित रूप है एक ऐसा मंच, जहां मैं अपने लोगों की सेवा और उनकी आवाज़ को बुलंद करने के लिए समर्पित हूं। हर कदम, हर निर्णय, हर प्रयास, सि$र्फ और सि$र्फ आपके हित में। सेवा का यह संकल्प अटूट है, और जीवनपर्यंत चलता रहेगा। समाज मेरे लिए मेरा परिवार है। उक्त विचार खाती समाज के नव नियुक्त युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय पटेल ने स्वागत कार्यक्रम के दौरान कहे। जिले के एक छोटे से गाँव में किसान परिवार में जन्मे डॉ. अजय सिंह पटेल ने अपने जीवन की शुरुआत एक सम्पन्न किसान परिवार में की पर उद्देश्य हमेशा समाज सेवा और जनकल्याण रहा। सीहोर से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर भोपाल से डॉक्टरी की उपाधि हासिल की और एक सफल डॉक्टर बनकर असंख्य जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा की। सेवा की यही भावना आगे चलकर राजनीति में रूपांतरित हुई। विगत 15 वर्षों से अधिक समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय रहते हुए आपने संगठन और समाज को नई दिशा दी। इछावर क्षेत्र में जनता के बीच आपकी पहचान कर्मठ, ईमानदार और संवेदनशील जनसेवक के रूप में स्थापित हुई। आपके नेतृत्व में सीहोर जिले में खाती समाज की तीन ऐतिहासिक रथ यात्राएं संपन्न हुईं, जिनमें हजारों समाजबंधुओं ने भाग लेकर एकता का संदेश दिया। आपकी सेवाओं, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए आपको अखिल भारतीय चंद्रवंशीय क्षत्रिय खाती समाज युवा संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह न केवल आपका सम्मान है बल्कि पूरे खाती समाज का गौरव भी है। आप युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, समाज के मार्गदर्शक और जरूरतमंदों के सहारा हैं। आपके नेतृत्व में समाज में नई ऊर्जा, दिशा और एकता का संचार हो रहा है। भगवान जगदीश से कामना है कि आपका यह प्रेरक सफर निरंतर समाज और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहे। खाती समाज परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए।

### कलेक्टर ने किया सीहोर-श्यामपुर कृषि उपज मंडी और एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण

# भावांतर के तहत फसल खरीदी प्रक्रिया में रखें पारदर्शिताः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सीहोर एवं श्यामपुर की कृषि उपज मंडी एवं श्यामपुर क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रो पर जाकर एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया। मंडियों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने भावांतर भुगतान योजना के संचालन की स्थिति देखी और मंडी में चल रही खरीदी, तुलाई एवं भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नीलामी शेड, तुलाई प्रक्रिया, भुगतान पंजीयन और खरीदी की व्यवस्थाओं को देखा तथा मंडी सचिव को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए और किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके साथ ही तुलाई तथा भुगतान की प्रक्रिया समय सीमा में पूरी की जाए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि मंडी का मुख्य उद्देश्य किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और बोली के दौरान एक रुपये की बोली न लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मॉइश्चर मशीन और ग्रेड सेपरेटर जैसी मशीनों के उपयोग की जानकारी ली और कहा कि इनका सही प्रयोग कर उपज का सटीक वर्गीकरण किया जाए, जिससे किसानों को उनकी फसल की गुणवत्ता के अनुसार मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने मंडी प्रशासन को प्रतिदिन की गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने और समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में किसानों को भोजन की उचित व्यवस्था मिले और निर्धारित दर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी प्रबंधन किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर रखे और योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाया जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार डॉ. अमित सिंह और मंडी सचिव श्री नरेंद्र कुमार माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए संचालित किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत श्यामपुर क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया देखी। उन्होंने कहा कि इस एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। इसलिए सभी बीएलओ एवं संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सटीकता से कार्य करें।

इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस संबंध में कुछ विशेष टिप्स भी दिए। उन्होंने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित किया और बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को निरंतर प्रशिक्षित किया जाए ताकि आवश्यकताओं के हिसाब से सभी अपने कार्य को और अधिक बेहतर तरीके से संपादित कर सके। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को गणना पत्रक भरकर बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित भी किया।

# 17 नवंबर को होगा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लीजा टॉकीज मैदान पर 17 नवंबर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के हजारों समर्थकों कार्यकर्ताओं नागरिकों के द्वारा विधायक सुदेश राय के जन्म दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राजकुमार जायसवाल रिंकू ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश भर के दिग्गज हास्य कवि तथा लाफ़्टर शो चैंपियन श्रोताओं को गुदगुदाने आ रहे हैं।

आयोजन लीज़ा टॉकीज़ के मैदान पर 17 नवंबर गुरुवार को होगा। कवि सम्मेलन आयोजन संस्था के द्वारा जरूरी तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर में कवि सम्मेलन की बरसों पुरानी परंपरा रही है, सीहोर का नाम कवि सम्मेलन नगरी के रूप में ख्यात रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर पिछले पच्चीस वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन लीज़ा टॉकीज़ मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन पूरी तरह से हँसी, ठहाकों तथा गीत-ग़ज़लों को समर्पित रहेगा। इस वर्ष आने वाले कवियों में 'द लाफ़्टर शो' तथा 'द कपिल शर्मा शो' में भाग ले चुके मशहूर कवि भी शामिल हैं। लीजा टॉकीज मैदान पर बनने वाले भव्य मंच से अरुण जैमिनी हास्य सम्राट, लाफ्टर चैम्पियन के सरपंच, द कपिल शर्मा शो फेम नई दिल्ली, शशिकांत यादव शशि सब रस-संचालक देवास अज़हर इक़बाल मशहूर शायर, फिल्म गीतकार, द कपिल शर्मा शो फेम, मेरठ उप्र अनिल चौबे हास्य व्यंग्य वाराणसी, सुश्री आयुषी राखेचा गीत, ग़ज़ल, हास्य जोधपुर, पार्थ नवीन हास्य पैरोडीकार प्रतापगढ़, स्वयं श्रीवास्तव गीतकार उन्नाव उप्र, तथा मुन्ना बैटरी लाफ्टर चैम्पियन फेम मंदसौर नागरिकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटे के अंदर आरोपी को किया गिरफ्तार

**सीहोर।** भैरूंदा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक बालिका के गुम होने को लेकर यदुवंशी समाजजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था । पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये बालिका को सकुशल ढुढ़कर परिजन तक पहुंचाया गया था जिस हेतु आज यदुवंशी समाज के सदस्यगण प्रभुद्यजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु उपस्थित हुये । जिन्होने पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सुनीता रावत और समस्त टीम को त्वरित कार्यवाही हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा भविष्य में आपसी सहयोग की भावना से प्रशासन के साथ मिलकर समस्याओं पर कार्य करने हेतु आग्रह किया गया।

### सूचना संकलन में लगे कर्मचारियों की ली बैठक

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थानों के सूचना संकलन में नियुक्त कर्मचारियों की वर्चुअल बैठक ली गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा निम्न बिन्दुओं पर चिर्चा कर निर्देश दिये गये। दिल्ली में हुई ब्लास्ट की घटना को दृष्टिगत रखते हुये सभी सतर्क रहे, आसूचना संकलन करें, तथा क्षेत्र में किसी भी संदेही व्यक्ति आदि पर लगातार निगाह रखी जाये।

### नवीन कृषि मंडी में फिर अवैध कब्जा, पारदी समुदाय के लोगों ने एक दर्जन स्थानों पर दुकानें खोलीं

# निर्माण कार्य हो रहा प्रभावित, मजदूरों से हो रही अभद्रता किसान पानी-छाया को तरसे, शेड पर भी कर लिया कब्जा



नवीन कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में दुकानें लगाकर कब्ज़ा करते हुए।



व्यापारियों की ऊपज मंडी प्रांगण व शेड में रखी हुई।



ऊपज मंडी प्रांगण में तपती धूप में तपते किसान की ऊपज नीलामी करते हुए व्यापारी।

#### सरकार द्वारा मिलने वाली 50 हजार की अनुग्रह राशि के ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन राला के पारदीपुरा की नवीन कृषि उपज मंडी एक बार फिर अवैध कब्जों की चपेट में आ गई है। मंडी परिसर में स्थानीय पारदी समुदाय के लोगों ने अस्थायी दुकानें व ठेलों के माध्यम से कब्जा जमा लिया है, जिससे निर्माण कार्य धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि करीब एक वर्ष पूर्व प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई कर करते हुए दलबल के साथ कब्जा हटाया था, लेकिन कब्जाधारी दोबारा डेरा डाल चुके हैं। निर्माण कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि कब्जाधारी न सिर्फ कार्य में बाधा डाल रहे हैं, बल्कि मजदूरों से अभद्रता भी कर रहे हैं। मजदूरों की सुविधा के लिए बनाई गई चौकीदार की झोपड़ी हटवा दी गई, जिससे सामान भी बिखर गया। कर्मचारियों का कहना है कि शिकायत के बावजूद प्रशासन की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है।

#### किसानों के सुविधा शून्य, धूप में वाहन की छाया में बैठना पड़ा

बुधवार को लगभग 300 किसान मक्का लेकर मंडी पहुंचे, लेकिन न पानी की पर्याप्त व्यवस्था थी और न ही बैठने-छाया का प्रबंध। मात्र दो छोटी टंकियों में पानी उपलब्ध था, जिससे किसानों को दिनभर परेशानी उठानी पड़ी। किसानों ने मंडी प्रशासन व स्थानीय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

#### शेड पर माल भरा, किसान खुले आसमान तले गुजार रहे रात

नगर की कृषि ऊपज मंडी शेड में व्यापारियों द्वारा माल रखा जाने से किसान अपने वाहनों को शेड में खड़ा नहीं कर पा रहे। नतीजतन कई किसानों को ठंड में खुली जगह पर रात बितानी पड़ी। शिकायतों व पूर्व में प्रकाशित समाचारों के बावजूद अधिकारी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पिछले दो सप्ताह से लाड़कुई कृषि उपज मंडी में बिना अनुज्ञा व नीलामी के बाद बिना तोल-कांटे किए धान की ऊपज अन्य मंडियों में भेजने का कार्य जारी है। बीते एक सप्ताह से एक दर्जन से अधिक वाहनों के आवागमन की सूचना प्रशासन को दी गई, किंतु अब तक जांच शुरू नहीं हुई। सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने पर बड़े घोटाले के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

#### किसानों की मांग, सख्त कार्रवाई हो

किसानों ने राला के पारदीपुरा की नवीन कृषि ऊपज मंडी के प्रांगण से कब्जा हटाने, मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के साथ जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## चालीसा का पाठ कर सेवकों और विप्रजानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित प्राचीन भैरव मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ काल भैरव जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मंदिर के सेवकों के अलावा विप्रजनों और कन्याओं का सम्मान किया। वही भैरव चालीसा का पाठ सुबह किया गया। इस मौके पर श्रद्धालु संजय सोनी और रामेश्वर सोनी आदि शामिल थे। शहर के छावनी स्थित बड़ा बाजार-चरखा लाइन स्थित मंदिर में श्रद्धालु समाजसेवी संजय सोनी और रामेश्वर सोनी के द्वारा यहां पर साफ-सफाई के अलावा छप्पन भोग आदि की तैयारियां की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी काल भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर शहर कोतवाल बाबा काल भैरव के नाम से प्रसिद्ध मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ महा आरती का आयोजन किया



जाता है। लंबे समय से यहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा भैरव अष्टमी पर भगवान को छप्पन भोग लगाने के उपरांत भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाता है। उन्होंने कहाकि मंदिर परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संजय सोनी और रामेश्वर सोनी देखते हुए हुए आ रहे है। इनका कहना है भैरव की प्रतिमा सैकड़ों साल प्राचीन है। बुधवार को काल भैरव जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर में विशेष अनुष्ठान, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पंडितों के मार्गदर्शन में सुबह से ही भैरव जयंती पर कई कार्यक्रम हुए। मंदिर में भैरव चालीसा का पाठ किया गया, जिसके बाद पंडितों ने हवन कराया। काल भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में भगवान शंकर के साथ ही उनके काल भैरव अवतार की भी पूजा की गई और मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान भैरव की महिमा कई शास्त्रों में वर्णित है। भैरव को भगवान शिव के गण के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन भगवान शिव ने काल भैरव का अवतार लिया था और भैरव कवच का पाठ असामयिक मृत्यु से बचाव में सहायक माना जाता है।

## कोमल बामनिया की यह तो शुरुवात है अभी और ऊंचाईयों को छूना है: कमलेश दोहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कोमल के एमपीपीएससी में चयन होने बसपा नेता कमलेश दोहरे ने घर पहुंचकर दी बधाईमध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने 2023 का अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें आष्टा के एक छोटे से गांव अरोलिया में रहने वाले किसान मजदूर श्री थरियांव सिंह बामनिया की पौती, कैलाश बामनिया जी की बेटी कोमल बामनिया का सहकारिता विभाग (सहकारिता विस्तार अधिकारी) पद पर चयन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल परिवार, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस मोके पर बहुजन समाज पार्टी के जोन प्रभारी एडवोकेट कमलेश दोहरे ने उनके निवास पर पहुंच कर बेटी कोमल सहित पूरे परिवार को बधाई दी और कहा की अभी सुरुवात आपको अभी और ऊंचाईयों तक जाना है,अपने माता-पिता सहित महापुरुषों और अपने गांव शहर जिले का नाम रोशन किया है, कोमल के परिवार में कोई भी उच्च शिक्षित नहीं है पर इनके पिता के 4 बच्चे हैं जिसमे कोमल 2,बहन और 2 भाई है इनको पिता ने बच्चों को पढाई में को असर नहीं छोड़ी उसका परिणाम है बच्चे भी मेहनत लगन से पढ़ाई कर रहे हैं एक भाई और एक बहन शासकीय कालेज से इंजिनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष संजीव बौद्ध, नरसिंह भारतीय महासचिव, देवकरण कुरल, अर्जुन पेरवाल, आंनद घावरी अजय बोलत,एवं उनके परिवार जनों को सीहोर जिला एवं आष्टा विधानसभा बसपा की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और उज्वल भविष्य की मंगलकामनाए

## बीएलओ, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से एसआईआर को लेकर की जा रही चर्चा, बीएलओ को निरंतर कर रहे प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों



का निरीक्षण किया जा रहा है और बीएलओ को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस एसआईआर प्रक्रिया के गणना पत्रक भरने तथा बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान सभी अधिकारी बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। जिले में एसआईआर की प्रक्रिया सटीक और प्रभावी रूप से संचालित हो सके इसके लिए अधिकारी निरीक्षण के दौरान बीएलओ को प्रशिक्षण भी दे रहे हैं और गणना पत्रक दर्ज कराने की प्रैक्टिस भी करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसके पश्चात 9 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

## प्रोटीन प्राणी से नहीं वनस्पती से लेना चाहिए: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यह संसार की विचित्रता है। कुछ लोग बता रहे थे आजकल हमारे भारतीय टीवी पर विज्ञापन आते हैं कि अण्डे के विषय में, मांस,अण्डे में जो प्रोटीन अधिक होना कहते हैं वह कुतर्क है, हमें कुतर्क नहीं करना चाहिए हमें प्रोटीन की आवश्यकता है,तो प्रोटीन प्राणी से नहीं चाहिए इसके लिए वनस्पती से चाहिए। हमारे पास सब्जी है,फल है,अनाज है इसमें जो प्रोटीन मिलते है, जितना हमें चाहिए उतना मिलता है। लेकिन मांस, अण्डे खाने से सात्विकता नहीं होती । यह तो तामसिकता में आता है। मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ने उक्त उदगार धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसी तामसिकता से बचना चाहिए। क्योंकि तामसिकता वाला व्यक्ति निर्विवेक, कर्तव्य शून्य होता है उसको दया - धर्म मालूम नहीं होता। वह दूसरे से अच्छा व्यवहार नहीं कर सकता स्वार्थी बनता है, दुराग्रही बनता और दुर्गति को प्राप्त होता



है। इसलिए हम लोगों का शरीर शाकाहार करने को है, मांस को नहीं। मुनिश्री ने वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज विज्ञान इतना आगे चला गया है। आज के डॉक्टर भी कहने लगे और कई लोग तर्क करने लगे कि, माँस खाने से प्रोटीन ज्यादा मिलते हैं। इस विषय को लेकर हमने कई पुस्तकों में पढ़ा और जानकारी अनुसार अण्डे में कई प्रकार के विष हैं- जैसे अण्डे की जरदी में कोलेस्ट्रॉल नामक भयानक तत्त्व अधिक होता है। जिससे दिल की बीमारी, हाई ब्लड प्रेशर, गुरदे की बीमारी, पित्त की थैली में पथरी आदि रोग पैदा होते हैं। अण्डे की सफेदी में निरीघात (गन्दी चीज) होती है। इससे कैंसर, लकवा, शरीर की सूजन जैसे भयंकर रोग पैदा होते हैं। अण्डे की सफेदी में 'एवीडियन' नामक भयानक तत्त्व होता है। जिससे ऐग्जिया रोग उत्पन्न होता है। अण्डे की सफेदी हाजमें के रसों को बिगाड कर हाजमा खराब करती है। अण्डे टी.बी., पेचिस और छूत के रोर्गोको पैदा करते है। अण्डे अन्तडियों के कीटाणु को जहरीला बनाकर भयंकर रोग पैदा करते है। अण्डे में जो प्रोटीन मिलते हैं, वह इतने ज्यादा प्रमाण में मिलते हैं कि, वह हमारे मानवी शरीर के लिए घातक है। प्रोटीन के आधार पर मांसाहार का समर्थन करने वाले भूल जाते है कि शरीर के लिए उतना प्रोटीन अनावश्यक ही नहीं, हानिकारक भी है। प्रोटीन में भी प्राणिजन प्रोटीन तो अत्यंत हानिकारक होता है। किसी भी गर्भ को मारकर खाने से कोई भी व्यक्ति जीवन को कभी भी उज्ज्वल नहीं बना सकते। दोपहर में स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा में श्रद्धालुओ ने ज्ञानार्जन किया। संध्या को गुरु भक्ति संगीत मय महाआरती भजन कीर्तन करते हुए भगवान का स्मरण किया।

### कलेक्टर ने की कृषि, सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड और खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा

# अमानक खाद्य सामग्री पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर कृषि, सहकारिता, खाद्य नागरिक आपूर्ति, मार्कफेड और खाद्य सुरक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से जिले में संचालित योजनाओं की स्थिति, अब तक की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचना चाहिए, इसके लिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए और वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने मार्कफेड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वितरण केन्द्रों पर स्टॉक की नियमित निगरानी करें और समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। उन्होंने भावांतर योजना की



समीक्षा करते हुए कहा कि मंडियों में सोयाबीन का उपार्जन सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिले। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, तौल व्यवस्था और रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने कृषि विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र किसानों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन दुकानों का सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि राशन दुकान समय पर खुले। उन्होंने ई-केवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि राशन वितरण में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों एवं सेल्समैन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि राशन दुकानों से प्रदाय किया जाने वाला अनाज उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए तथा तौल मशीनों की सटीकता की जांच समय-समय पर की जाए। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले में विक्रय होने वाली खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की निरंतर जांच की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद्य निरीक्षक टीमों द्वारा होटलों, मिठाई दुकानों, डेयरी उत्पाद विक्रेताओं और थोक खाद्य व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जाए। अमानक खाद्य सामग्री पाए जाने पर संबंधित पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और इस संबंध में नागरिकों को भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा दोनों ही जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे हैं, इसलिए अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब उसका लाभ समय पर अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड में जाएं, जनता से संवाद स्थापित करें और शिकायतों का तत्काल निराकरण करें।

## बागवानी उत्पादों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा ₹हॉर्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम₹ (सीडीपी) संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बागवानी उत्पादों के उत्पादन, गुणवत्ता. मूल्य संवर्धन एवं विपणन को प्रोत्साहित कर किसानों की आय में वृद्धि करना है।

इसके अंतर्गत मल्टी, कमोडिटी हाई वैल्यू क्लस्टर एवं पैरी अर्बन क्लस्टर की पहचान एवं विकास किए जाने का प्रावधान किया गया है। योजनान्तर्गत मुख्य उद्यानिकी फसलो जैसे टमाटर, प्याज, आलू, फसलें एवं पत्तागोभी, फूलगोभी, भिण्डी, बैंगन, केप्सीकम, ककड़ी, कडूवर्गीय फसले, धनिया, नीबू, अदरक, हरि मिर्च, लहसुन आदि तथा वैकल्पिक फसले जैसे स्क्वैश, कटहल, बीनस, सूरजना, चुकदर आदि को चयनित किया गया है।

चलाई जा रही इस योजना के अंतर्गत क्लस्टर निर्माण की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र उत्पादक सगठनों (एफपीओ/एफपीसी) के साथ उनके संघ, सहकारी समितियां, पार्टनरशिप फर्म, संगठन आदि सस्थाएँ पात्र होंगे। जिनका फार्म गेट मूल्य 100 करोड तक होना चाहिए एवं आवेदक द्वारा परियोजना लागत का 20 प्रतिशत शेयर स्वयं वहन करने का प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिये सहायक संचालक उद्यान कार्यालय कलेक्ट्रट भवन कक्ष क्रमांक 126 में संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा दूरभाष क्रमांक 07562-224062 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

डीजीएम क्षेत्रे बोले - राजस्व न मिलने से नहीं हो रहा उन्नयन, फिर भी 2 दिन सप्लाई होगी बिजली

# चाठा सब स्टेशन पर करोड़ों का राजस्व बकाया किसानों ने किया मात्र 1 प्रतिशत का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



पिछले कई दिनों से चाठा सब स्टेशन पर बनी बिजली की समस्या से जुड़े किसानों को लेकर कांग्रेस ने कई बार बिजली विभाग के खिलाफ धरना व आंदोलन किए। जिसमें समस्या के समाधान और बिजली सप्लाय को सुधारने का की बात करते हुए अधिकारियों ने ही धरना खत्म करवाया परंतु अभी भी चाठा सब स्टेशन पर स्थिती जस की तस बनी हुई है।

विद्युत विभाग के डीजीएम का साफ कहना है कि इस सब स्टेशन से जुड़े लगभग 3250 विद्युत उपभोक्ताओं में से मात्र 125 ने ही बिजली बिलों का भुगतान किया है जो कि कुल राजस्व का 1 प्रतिशत है जो नाकाफी है। उपमहाप्रबंधक क्षेत्रे ने साफ शब्दों में बोला की यदि राजस्व नहीं मिल पाएगा तो हम इस स्थिती को ज्यादा बेहतर नहीं कर पाएंगे। जिससे किसानों को मिलने वाली लाइट में लगातार व्यवधान बना हुआ है जिसको हम आने वाले दिनों में बेहतर करने के लिए प्रयासरत है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर से की शिकायत

क्षेत्र के किसानों की फसलों को ध्यान में रखते हुए जहां जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया लगातर विद्युत सप्लाय ठीक करने के लिए प्रयासरत है इसी क्रम में मंगलवार को वह कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से मिले जिसमें चाठा सब स्टेशन से जुडे किसानों को बिजली सप्लाय न मिल पाने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है और उसके समाधान की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इसी बात को लेकर 9 नवंबर को किसानों ने जाम लगाकर विरोध प्रर्दशन भी किया था।

### किसान व घरेलु 3250 उपभोक्ताओं पर 5 करोड़ 25 लाख का राजस्व बकाया

चाठा सब स्टेशन से संबंधित किसानों पर करोड़ों का राजस्व बकाया होने के कारण बिजली सप्लाय न होने जैसी स्थिती निर्मित हो रही है। डीजीएम का कहना है कि चाठा सब स्टेशन से जुडे किसान व घरेलु 3250 उपभोक्ताओं पर 5 करोड 25 लाख का राजस्व बकाया है जिसमें से 6 लाख की राशि मंगलवार शाम तक जमा की हुई है जो कि कुल राजस्व का लगभग 1 प्रतिशत है। यदि सब स्टेशन के उपभोक्ताओं की ओर से 20 प्रतिशत भी राजस्व जमा हुआ होता तो इस परेशानी से बचा जा सकता था परंतु स्थिती को समझते हुए हमने प्रपोजल भेज दिया है और आने बाले एक दो दिन में हम चाठा सब स्टेशन के किसानों को बिजली सप्लाय की जावेगी।

'संवाद से समाधान' के तहत कलेक्टर ने लापरवाहों पर गिराई गाज

# बोड़ा नप एआरआई सस्पेंड, 2 लेखापालों की वेतनवृद्धि रोकी



**राजगढ़।** जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा हर मंगलवार 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसमें किसी एक विभाग की पांच शिकायतों का चयन कर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व संबंधित शिकायतकर्ता को बैठाकर समस्या का समाधान व दोषियों पर कार्यवाही की।

इसी कड़ी में कल नगरीय विकास एवं आवास विभाग की 5 शिकायतों की समीक्षा की गई। बोड़ा नगर परिषद के शिकायतकर्ता कन्हैयालाल सेन ने बताया कि उनके द्वारा उनके स्वामित्व के तीनों मकानों का नक्शा बनाने हेतु बोड़ा नप कार्यालय में आवेदन दिया गया लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बोड़ा नगर परिषद के सहायक राजस्व निरीक्षक देवकरण यादव को सस्पेंड करने के निर्देश प्रदान किए। पचोर निकाय की एक शिकायत में आवेदक विकास ने बताया कि उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत पचोर में 302 शौचालयों का निर्माण करवाया गया लेकिन काफी समय पूर्व से बिल लंबित होकर लेखापाल ने भुगतान अटका रखा है। इस पर कलेक्टर ने लेखापाल दुर्गेश शर्मा की 01 वेतनवृद्धि रोकते हुए 3 दिवस में भुगतान के आदेश दिए।

### समस्या हल करने के साथ की गई कार्यवाहियां

खिलचीपुर के शिकायतकर्ता सचिन शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा नगर पालिका खिलचीपुर में नामातंरण के लिए आवेदन किया गया था अभी तक वह लंबित पड़ा है। इस पर लापरवाही पर कलेक्टर ने खिलचीपुर सीएमओ नोटिस जारी कर 07 दिवस में नामांतरण करने के निर्देश प्रदान किए। इसी तरह सारंगपुर नपा के वित्तीय वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 में श्री लैय अग्रवाल से क्रय की गई विभिन्न सामग्रियों का पेंमेंट भी अर्से से लंबित रखने पर कलेक्टर ने शाखा प्रभारी एवं लेखापाल को निलंबन का नोटिस देकर सीएमओ को एससीएन जारी करने के निर्देश प्रदान किए।

मतदाताओं को नहीं बांटे फार्म

# निवार्चन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, बीएलओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में गत 4 नवंबर से मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य आरंभ हो चुका है। जिले भर में बनाए गए बीएलओ(बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर पूरी गंभीरता से मतदाता सूचियों को अघतन करने में जुटे हुए हैं। वहीं कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जिनके द्वारा निवार्चन आयोग के इस अति-महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाहियां भी बरती जा रही हैं।

इसी कड़ी में खिलचीपुर तहसील के एक बीएलओ रामकैलाश दांगी द्वारा मतदाता सूचियों के इस गहन पुनरीक्षण की मैपिंग तथा फार्म वितरण में गंभीर लापरवाही बरती गई। श्री दांगी द्वारा अभी तक मतदाताओं को फार्म तक वितरित नहीं किए गए हैं। इसके साथ ही बार-बार मोबाइल पर संपर्क करने पर उनके द्वारा कभी तो फोन उठाया नहीं जा रहा है और कभी संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही खिलचीपुर के मतदान केंद्र क्रमांक-46 खाजली के भ्रमण के दौरान तहसीलदार एवं सहायक निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को बीएलओ दांगी मौके से अनुपस्थित भी मिले।

### कलेक्टर के निर्देशों पर एसडीएम ने की कार्यवाही

सौंपे गए पदीय दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी के निर्देशों पर खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन ने बीएलओ रामकैलाश दांगी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय राजगढ़ एसडीएम कार्यालय नियत किया गया है। उल्लेखनीय है निलंबित बीएलओ श्री दांगी प्राथमिक विद्यालय खाजली में बतौर शिक्षक पदस्थ हैं।

## स्वर्णकार समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन



**सारंगपुर।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। नव नियुक्त अध्यक्ष आशा महेंद्र सोनी ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मोना संतोषी सोनी ने नई अध्यक्ष को पदभार सौंपते हुए समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान समाज की सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में नई कार्यकारिणी के सदस्यों को विभिन्न पदों का दायित्व सौंपा गया। सभी ने एकता और सहयोग के साथ समाज की उन्नति एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी कार्यों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मंगला सोनी, सरोज सोनी, पदमा सोनी, शेफाली सोनी, राधिका उपस्थित रहीं।

अब पाटनकलां और सालपुरा के निरीक्षण में मिली लापरवाही

# जिस केंद्र पर पहुंच रहीं सीएमएचओ पटेल वहीं लटके मिल रहे हैं ताले



**राजगढ़।** ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा सतत रूप से उप-स्वास्थ्य केद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले दिनों फूलखेड़ी और बड़बेली के निरीक्षण में मिली लापरवाही के बाद अब राजगढ़ ब्लॉक के उप-स्वास्थ्य केंद्र पाटनकलां में निर्धारित समय पर ताला लगा हुआ मिला वहीं सालपुरा में एएनएम अनुपस्थित पाई गई।

सीएमएचओ डॉ. पटेल जब कल मंगलवार को पाटनकलां उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो 10.45 बजे केंद्र पर ताला लगा हुआ पाया गया और सीएचओ डॉ. सोफिया खान अनुपस्थित मिलीं। इसी तरह ग्राम सालपुरा टीकाकरण में एएनएम भूली पुष्पद के 11 बजे तक अनुपस्थित रहने पर उक्त दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने समस्त मैदानी कर्मचारियों को समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंचने और अपना काम समय पर करने हेतु निर्देशित किया है। वहीं समस्त ब्लॉक अधिकारियों को निरंतर फील्ड भ्रमण कर अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की बात कही। सीएमओ द्वारा किए गए इस निरीक्षण के दौरान डीसीएम सुनील वर्मा भी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में बढ़ते बिजली संकट पर कांग्रेस का आंदोलन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़।** क्षेत्र में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था और बार-बार होने वाली कटौती से त्रस्त किसानों, छात्रों व आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

इससे सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रबी की फसल बोवनी पूर्ण होने के बाद किसान अपने खेतों में सिंचाई हेतु बिजली की मांग कर रहे हैं, लेकिन निर्धारित समय पर बिजली उपलब्ध न होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बताया कि छात्र भी बिजली कटौती के चलते परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पा रहे, वहीं व्यापार और दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते बिजली संकट गंभीर रूप ले चुका है और नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोग इस समस्या से अत्यधिक परेशान हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी व्यापक जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वालों मे गोविन्द सिंह गुर्जर, मदरूप सिंह सोनगिरा, लखन रुहाला सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजगढ़ नपा ने 2016 के बाद लगे 114 कर्मचारियों को पद से हटाया

नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के निर्देश



**राजगढ़।** शासन के निर्देशों पर राजगढ़ नगर पालिका ने बड़ा निर्णय लेते हुए 1 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त अपने सभी 114 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। नगर पालिका ने हटाए गए उक्त 114 कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की हैं। उक्त आदेश जारी होने के बाद हटाए गए कर्मचारियों में खलबली मची देखी गई।

उल्लेखनीय है ये सभी कर्मचारी विभिन्न परिषदों के दौरान दैनिक वेतन भोगी पद पर रखे गए थे। इन 114 में शामिल अनेकों कर्मचारी नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं में महत्त्वपूर्ण दायित्व भी निभा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यों में सलग्न हैं। नगरीय आवास एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में यह बड़ा कदम उठाया गया है। इतनी अत्यधिक संख्या में सालों से काम करने के बाद बाहर निकाले गए कर्मचारियों में आक्रोश भी नजर आ रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने अपने दफ्फर में उक्त सभी 114 कर्मियों की लिस्ट चस्पा की है।

## लंबे समय से चल रहे थे अस्वस्थ, बिहारी जी मंदिर के सामने दी गई भावपूर्ण अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मंगलवार का दिन ब्यावरा नगर के लिए भावनाओं से भरा और आंखें नम करने वाला रहा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद् और श्री बिहारी महाराज के भक्त जमनालाल मारोठिया अब हमारे बीच नहीं रहे। 90 वर्ष की आयु में उन्होंने इस सांसारिक यात्रा को विराम दिया, लेकिन उनके द्वारा किए गए सेवा और भक्ति के कार्य नगरवासियों के हृदयों में अमर रहेंगे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, किंतु अंतिम दिनों तक वे प्रभु भक्ति और सेवा में लीन रहे। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में गहरा शोक छा गया। हर आंख नम थी, हर दिल यह कह रहा था "ऐसे लोग बार-बार नहीं मिलते।"

# नहीं रहे वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् जमनालाल मरोठिया

सेन महाराज मंदिर परिसर के लिए की भूमि दान

मारोठिया जी का जीवन समाजसेवा, सादगी और धर्मनिष्ठा का प्रतीक रहा।



उन्होंने श्री बिहारी जी मंदिर को न केवल अपनी भक्ति से सींचा, बल्कि अपने कर्मों से उसे जीवंत रखा। हर धार्मिक आयोजन में उनकी उपस्थिति प्रेरणास्रोत होती थी। वे अजनार नदी शुद्धिकरण अभियान से जुड़े रहे और सेन जी महाराज मंदिर परिसर के लिए समाज को भूमि दान कर अपनी निःस्वार्थ भावना का परिचय दिया।

### शवयात्रा में सभी की आंखें नम

मंगलवार दोपहर उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से निकली। जब शवयात्रा श्री बिहारी जी मंदिर पहुंची तो पूरा वातावरण भक्ति और आंसुओं से भर गया। यह भावनात्मक दृश्य था। मंदिर समिति ने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से बिहारी जी के भक्त का स्वागत किया। मानो स्वयं बिहारी जी अपने परम भक्त को अंतिम आशीर्वाद दे रहे हों। मंदिर प्रांगण में मौजूद भक्तों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम प्रणाम किया। बिहारी जी को अंतिम प्रणाम के बाद शवयात्रा राजगढ़ रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर के सैकड़ों लोग, सामाजिक संगठन और धार्मिक संस्थाओं के सदस्य इस अंतिम यात्रा में शामिल हुए। श्री मारोठिया ने अपने जीवन के हर क्षण को समाज, शिक्षा और धर्म की सेवा में अर्पित किया। वे एक सच्चे कर्मयोगी, एक विनम्र शिक्षक और एक अद्भुत भक्त थे।

स्टैंड, होटल, सराय, सार्वजनिक स्थलों पर चैकिंग

# दिल्ली में हुए बम धमाके को लेकर अलर्ट मोड पर आई जिले में पुलिस



**राजगढ़।** देश की राजधानी नई-दिल्ली के लाल किले के समीप सोमवार शाम हुए दिल-दहलाने वाले बम विस्फोट ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है।

इस आतंकी हमले के बाद मध्यप्रदेश पुलिस भी एलर्ट मोड पर है। उक्त आतंकी घटना को गंभीरता से लेते हुए राजगढ़ पुलिस द्वारा भी मंगलवार से विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान न केवल राजगढ़ कोतवाली बल्कि जिले के सभी थानों, चैकियों, राजमार्गों पर वाहनों को निरंतर चेक किया जा रहा है। इसके साथ ही बस स्टैंड, होटल, सराय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस लगातार चेकिंग रही है। संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही होटलों में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की आईडेंटिटी, संधारित रजिस्टर इत्यादि को भी पुलिस द्वारा चेक किया जा रहा है। कोतवाली पुलिस की टीम ने मंगलवार को राजमार्ग से गुजरे व अन्य स्थानों पर कईं वाहनों की मेंटल डिटेक्टर से विशेष चेकिंग की।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने दिखाई एकता की मिसाल

# पीपलया रसोड़ा से पचोर तक निकली गई एकता पदयात्रा



**ब्यावरा।** पीपलया रसोड़ा गांव में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य एकता पदयात्रा रन फॉर यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल के जीवन, देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, केबिनेट मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, बोड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन राजपूत, मंडावर मंडल अध्यक्ष बृजमोहन गुर्जर, पचोर मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, जिला संयोजक मोहन गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पुष्पवर्षा से स्वागत

पदयात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत-सत्कार किया गया। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शासकीय कर्मचारियों और आमजन ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर एकता का संदेश दिया। पूरे मार्ग में राष्ट्रगीत और देशभक्ति गीतों की गूंज से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सौहार्द के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के इन कर्मियों में अधिकारी से लेकर कर्मचारी सभी शामिल

# सॉफ्टवेयर में बदलाव से अटकी एनएचएम के 509 कर्मियों की सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग के तहत आने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) के अधिकारियों, कर्मचारियों को पूर्व में हर माह की एक से पांच तारीख के बीच वेतन, मानदेय का भुगतान हो जाया करता था। लेकिन, इस माह(अक्टूबर पेड नवंबर) में एनएचएम के तहत जिले के विभिन्न अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ 509 कर्मचारियों की तनख्वाह अभी तक नहीं मिल पाई है। वेतन मिलने की बाट जोह रहे एनएचएम के इन 509 कर्मियों में अधिकारी से लेकर फील्ड में कार्यरत कर्मचारी शामिल हैं।

दरअसल, इस माह समय पर वेतन न मिलने की वजह वेतन साफ्टवेयर में किया गया बदलाव है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग व अन्य कर्मचारियों को तो उनकी सैलरी मिल चुकी है लेकिन सिर्फ एनएचएम के अधिकारी, कर्मचारी ही आज 12 तारीख होने के बावजूद पगार का इंतेजार कर रहे हैं। ऐसा भी नहीं है इस मामले में मिशन के एआउन्ट शाखा के कर्मचारियों की लापरवाही हो। बल्कि वेतन साफ्टवेयर में हुए बदलाव के चलते तनख्वाह का मामला अधर में लटका हुआ है। वैसे एनएचएम के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द सभी कर्मचारियों की तनख्वाह/मानदेय आदि उनके खातों में पहुंच जाएगा।

**साफ्टवेयर में बदलाव के चलते आई समस्या-** एनएचएम के अधिकारियों, कर्मचारियों की सैलरी का भुगतान पूर्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ई-वित्त साफ्टवेयर से डायरेक्ट हो जाया करता था। लेकिन, अब यह भुगतान एसएनए(सिंगल नोडल एजेंसी) स्पर्श के जरिए होगा। विभाग की अकाउन्ट शाखा से बिल इत्यादि लगाने की समस्त प्रक्रियाएं अलबत्ता पूर्ण कर ली गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी 4 से 5 दिनों में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके वेतन, मानदेय का भुगतान हो जाएगा।

### जिनकी कम तनख्वाह है उन्हें आ रही परेशानी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में कार्यरत कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों की तनख्वाह जहां काफी अधिक है वहीं कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जिन्हें बहुत कम मानदेय मिलता है। ऐसे कम मानदेय वाले कर्मचारी इस माह अभी तक तनख्वाह खाते में न आ पाने के चलते आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेशनल हेल्थ मिशन से विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों से लेकर मैदानी अमले से जुड़े कर्मचारी भी शामिल हैं।

### जल्द खातों में पहुंच जाएगी

हमारी तरफ से बिल इत्यादि सभी भिजवा दिए गए हैं। चूंकि, साफ्टवेयर चेंज हुआ है इसलिए इस महीने समस्या आई है। उम्मीद है कि जल्द ही सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की सैलरी उनके खातों में पहुंच जाएगी।

**प्रवेश द्विवेदी, अकाउंटेंट**
एनएचएम, राजगढ़

## खबर संक्षेप

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर किया टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 11 नवंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 478 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 205 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 74 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 13 को पदयात्रा

**सीहोर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सीहोर 13 नवम्बर को पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना और एकता की भावना को मजबूत करना है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। यह पदयात्रा सरदार पटेल के एक भारत, अखंड भारत के अडिग विश्वास को आगे बढ़ाएंगी। सीहोर नगर में पदयात्रा 13 नवंबर को सुबह 10.30 बजे आयोजित की जाएगी। पदयात्रा में सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा तथा नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी शामिल होंगे। यह पद यात्रा आवासीय खेल परिसर भोपाल नाका से शुरू होकर इंग्लिश पुरा, कोतवाली चौराहा, मेन रोड बाजार क्षेत्र, लीसा टाकीज चौराहा और तहसील चौराहा होते हुए तिलक पार्क के सामने उत्कृष्ट स्कूल में समापन होगा। पद यात्रा के समापन अवसर पर युवाओं को नशा मुक्त भारत और गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इस पूरे अभियान का पंजीकरण माय भारत पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। सांसद आलोक शर्मा ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस जन जागरण के महायज्ञ में शामिल हों।

### जलभराव से मिलेगी स्थायी राहत, पार्क की नागरिकों को मिलेगी सौगात

# 1.50 करोड़ की लागत से नाला और 13 लाख से बनेगा पार्क किया भूमिपूजन

जलभराव से मिलेगी स्थायी राहत।वार्ड 14 शास्त्री कॉलोनी में बनेगा पार्क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या अब समाप्ति की ओर है। शास्त्री कॉलोनी से बस स्टैंड तक लगभग 500 मीटर लंबे पक्के नाले के निर्माण का शुभारंभ बुधवार को क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव ने भूमि पूजन कर किया। करीब 1.50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह नाला बारिश के दिनों में होने वाली भीषण जलभराव से मुक्ति दिलाते हुए शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विधायक भार्गव ने कहा कि नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधा युक्त माहौल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यह परियोजना नगर के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे शास्त्री कॉलोनी, बस स्टैंड व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को राहत मिलेगी। भूमि पूजन के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर परिषद् के पार्षदगण सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। परिषद सीएमओ आर.पी. भावरे व समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नागरिकों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए परिषद व जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

#### पार्क का भूमि पूजन संपन्न

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 शास्त्री कॉलोनी में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गार्डन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन मंगलवार को विधिवत एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना ने भूमि पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गार्डन निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध होगा और बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए यह मनोरंजन व स्वास्थ्य वर्धन का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में नगर परिषद के सभी पार्षदगण उपस्थित रहे। इस दौरान भैरूंदा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, महामंत्री कपिल खंडेलवाल तथा दीनबंधु कुशवाह सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल जैन, ओम पटेल, जितेंद्र गौड़, चंद्रकांत खंडेलवाल, बबलू खान, श्रीमती रानी पारस वर्मा, इंदु नितिन मालवीय, रमा खंडेलवाल, महेंद्र परिहार, राजेश पवार, महेंद्र जाट, गौरव शर्मा, अनुपम गौड़, ओम पवार एवं



मेहरबान सराठे आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर भूमि पूजन की शोभा बढ़ाई। नगर परिषद की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.पी. भावरे एवं इंजीनियर केवल राम कुशवाहा सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे और इस विकास कार्य के शुभारंभ के साक्षी बने।

# भावांतर योजना में सोयाबीन खरीदी की तैयारी दुरुस्त

### नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी ने भैरुंदा कृषि उपज मण्डी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर खरीदी एवं नीलामी प्रक्रिया की जानकारी ली।किसानों से चर्चा करते हुए नोडल अधिकारी ने पूछा कि उनकी सोयाबीन की बिक्री निर्धारित समर्थन मानकों के अनुरूप हो रही है या नहीं। किसानों ने संतुष्टि जाहिर करते हुए बताया कि नीलामी के दौरान उनकी उपज लगभग 4,000 प्रति क्विंटल में बिकी है तथा भावांतर योजना का लाभ मिलाकर उन्हें 5,300 प्रति क्विंटल तक का भुगतान प्राप्त होगा। किसानों ने प्रशासन की व्यवस्था पर सहमति जताई और कहा कि उन्हें उचित मूल्य मिल रहा है। अधिकारी ने मौके पर लगभग 10 किसानों की नीलामी प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा मण्डी प्रबंधन को पारदर्शी एवं व्यवस्थित खरीदी के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को बेहतर समर्थन मूल्य देने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर मण्डी सचिव विलियम जार्ज सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 15 नवंबर को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम भैरूंदा जनपद के ग्राम लाड़कुई स्थित कन्या शिक्षा परिसर में 15 नवंबर को दोपहर 01 बजे आयोजित किया जाएगा। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रथ यात्रा एवं पैदल यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा 15 नवंबर को इछावर जनपद के ग्राम नादान से प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी और भैरूंदा जनपद के ग्राम लाड़कुई स्थित कन्या शिक्षा परिसर पहुंचेगी।

# अभिषेक बालाजी बजरंग सेना के प्रदेश प्रवक्ता हुए नियुक्त, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बजरंग सेना द्वारा लगातार समाज सेवा एवं धार्मिक आयोजन में अपनी सकरा भूमिका निभाने वाले युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी सोपी जा रही है, ताकि वरिष्ठ जन के साथ-साथ युवा भी संगठन से जोड़कर धार्मिक आयोजनों में एवं सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इसी को लेकर संगठन का विस्तार करते हुए बजरंग सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया द्वारा बीते दिवस जावर नगर के समाजसेवी युवा अभिषेक बालाजी को बजरंग सेना के प्रदेश प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया, उपरोक्त नियुक्ति बजरंग सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा राष्ट्रीय महासचिव मिश्री चंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राम शंकर मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अमरीश राय ,युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ,प्रदेश संगठन महामंत्री अजय पटेल मितवाल की सहमति से की गई है। आपको बता दें कि अभिषेक बालाजी की सक्रियता को देखते हुए संगठन द्वारा यहा जिम्मेदारी सौंपी गई। अभिषेक बालाजी ने कहा संगठन द्वारा जो मुझे विश्वास के साथ जो जिम्मेदारी सोपी है, उसका मैं पूर्ण ईमानदारी के साथ शत प्रतिशत खरा उतरूंगा एवं मेरे दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाहन करूंगा। अभिषेक बालाजी को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त होने पर नगर के युवाओं ने एवं वरिष्ठजनों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बहुजन महापुरुषों की आवाज को बुलंद करने वाले किसानो के लिए न्याय की लड़ाई लडने वाले मालवा के क्रांतिकारी नेता स्वर्गीय फूल सिंह चौहान की पुण्यतिथि 11 नवंबर को आष्टा के नया दशहरा मैदान में मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पदम प्रहलाद सिंह टिपानिया उपस्थित हुए सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने स्वर्गीय फूल सिंह चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया इसके पश्चात पुण्यतिथि कार्यक्रम के निवेदक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीहोर जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम को मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह टिपानिया ने संबोधित कर बताया कि हमें उन महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलकर इंसानियत और मानवता का राज लाना है और फूल सिंह चौहान के अधूरे काम को पूरा करना है कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राजेंद्र राधाकिसन मालवीय, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील सेठी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दशरथ सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता डॉक्टर ओपी वर्मा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, नरेन्द्र खंगराले, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू खान, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, पूर्व पार्षद इदरीश मंसूरी, अनार सिंह मेवाड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकेंद्र बनवट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, चंदर सिंह ठाकुर, सोभाल सिंह मुगली, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव अमित पटेल, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, डॉ एजाज खान, बंसीलाल बामबे, मोती सिंह मोलूखेड़ी, महेश वर्मा आदि ने पुण्यतिथि कार्यक्रम में अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम को संबोधित किया। सभी वक्ताओं के संबोधन के बाद पदम प्रहलाद सिंह टिपानिया द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति देकर सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जीवन पर आधारित सत्य कथा कहने वाले मिट्ठूपुरा सरकार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पार्षद भैया मियाँ, वरिष्ठ नेता कमल सिंह पहलवान, बीएस वर्मा जिला उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, बनप सिंह पटेल आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के उददेश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मती स्वप्न सिंह ने विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कि छात्र इस देश का भविष्य है एवं इन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान ने निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, वाहन सावधानियों, ज्ञानार्जन एवं व्यक्तित्व निर्माण के बारे में बच्चों को जानकारी दी शिक्षकों एवं माता पिता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विर्द्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भोजन निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में डायरेक्टर जॉली कुरियन, प्रिंसिपल मती वीना जें कुरियन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 9 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशन व विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा के मार्गदर्शन में ऋचा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आष्टा जिला सीहोर द्वारा 12 नवंबर को ग्राम पंचायत जगमालपुर, जनपद पंचायत आष्टा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। श्रीमती शर्मा द्वारा ग्रामीण समुदाय और श्रमिकगण को निःशुल्क विधिक सहायता, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न, सायबर सुरक्षा सम्पत्ति का अधिकार एवं आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वोटर कार्ड, पेंशन आदि का भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश राठौर द्वारा किया गया। उक्त शिविर में ग्रामीणवासी एवं सरपंच, सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव हेमराज सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### आष्टा जनपद पंचायत में रोजगार मेला का हुआ आयोजन

# मेले में किया 234 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




आष्टा जनपद पंचायत कार्यालय में युवा संगम के तहत रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले का शुभारंभ आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किया। इस अवसर पर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिह इंजीनियर ने युवाओ को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में ग्राम पंचायत पगारिया राम में 80 स्लॉट बुक कर लघु उद्योग स्थापित करने वाली योजना से अवगत कराया। इस रोजगार मेले में कुल 279 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया था, जिनमें से 234 आवेदकों का 09 कंपनियों द्वारा प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों स्वरोजगार विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई और उनके प्रकरण तैयार किए गए। इस अवसर पर रायसिंह मेवाड़ा, भूरू भाई, मेजर प्रमोद थोरात, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी सीहोर स्वप्निल वास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला न्यायालय में 300 से अधिक जरूरतमंदों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत सीहोर जिला न्यायालय के अभिभाषक संघ सभाकक्ष में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य ने इस शिविर का शुभारंभ किया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 300 से अधिक जरूरतमंद नागरिकों का निशुल्क नेत्र, अस्थिरोग, ईएनटी, दंत रोग, बी.पी. शुगर, रक्त सहित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश संजय गोयल, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मती स्वप्न सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपेन्द्र मालू, अभिभाषक संघ अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सचिव राजेश वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, नेत्र चिकित्सक एवं नेत्र परीक्षण टीम, डा. सुधीर वास्तव, डा. आर के सिंघल, डा. अमित तिवारी, डा. देवेंद्र पाटकर, डा. प्रियंका झा सहित चिकित्सा विभाग की टीम, अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स पैरालीगल वालेन्टियर्स, कर्मचारीगण उपस्थित थे।